क्लास में नई लड़की

शर्ली गॉर्डन

चित्र: एडवर्ड फ्रैसिनो

क्लास में नई लड़की

शर्ली गॉर्डन

चित्र: एडवर्ड फ्रैसिनो

क्रिस्टल हमारे स्कूल में एक नई लड़की है.

जब वो क्लास में घुसती है तो हम सब उसे घूरकर देखते हैं.

स्कूल में क्रिस्टल का कोई भी दोस्त नहीं है.

क्रिस्टल ऐसे व्यवहार करती है जैसे उसे उसकी कोई परवाह ही नहीं है.

टीचर ने क्रिस्टल को मेरे बगल में बैठने के लिए कहा.

"मुझे उम्मीद है कि तुम और क्रिस्टल दोस्त बनना सीखोगी, सुसान," टीचर ने मुझसे कहा.

मैं क्रिस्टल की दोस्त बनना नहीं चाहती थी.

"तुम्हारा नाम क्या है? तुम्हारा नाम क्या है?"
क्रिस्टल ने मुझसे बार-बार पूछा.

"तुम्हें पता है कि मेरा नाम सुसान है," मैंने उससे कहा.

क्रिस्टल ने कहा, "मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहती थी
कि कहीं कहीं तुम्हें भूलने की बीमारी तो नहीं है."

क्रिस्टल मुस्कुराई, लेकिन मैं जवाब में नहीं मुस्कुराई.

टीचर ने क्रिस्टल और मुझसे चुप रहने को कहा!

"आज टीचर गुस्सा हुए," मैंने स्कूल के बाद अपनी माँ को बताया,

"क्योंकि क्रिस्टल क्लास में मुझसे बात कर रही थी."

"क्रिस्टल कौन है?" मेरी माँ ने पूछा.

"क्रिस्टल स्कूल में एक नई लड़की है," मैंने माँ को समझाया.

"यह बड़ी अच्छी बात है कि तुम्हें एक नई दोस्त मिली है."

"क्रिस्टल मेरी दोस्त नहीं है," मैंने अपनी माँ से कहा.

क्रिस्टल ने क्लास में अपना धूप का चश्मा पहना है.

वो उसे उतारना नहीं चाहती है.

क्रिस्टल ने कहा, ''मैं उस चश्मे से न्यूयॉर्क देख सकती हूं.''

"नहीं, तुम वो नहीं कर सकती हो," मैंने उससे कहा.

क्रिस्टल मेरी ओर देखकर मुस्कुराई और उसने कहा, "सैन फ्रांसिस्को?"

मैंने मुस्कुराहट को दबाने की कोशिश की, लेकिन मैं उसमें सफल नहीं हुई.

"चुप!" टीचर ने क्रिस्टल और मेरी ओर देखकर कहा.

"आज टीचर फिर नाराज़ हुए," मैंने स्कूल के बाद अपनी माँ से कहा, "क्योंकि क्रिस्टल क्लास में मुझसे बात कर रही थी."

"क्रिस्टल को कक्षा में बात नहीं करनी चाहिए," मेरी माँ ने मुझसे कहा.

"क्रिस्टल बड़ी मज़ाकिया बातें करती है," मैंने अपनी माँ से कहा.

फिर क्रिस्टल मेरे लिए एक उपहार लाई.

वो एक पुरानी अल्का-सेल्टज़र टैबलेट थी.

वो मेज पर झुकी और उसने उसे मेरी मेज पर रख दिया.

"अब मुझे इसकी ज़रूरत नहीं है," उसने कहा.

क्रिस्टल हँसी, और फिर मैं भी उसके साथ हँसी.

"शांत!" टीचर ने हमें देखकर अपनी उंगली हिलाई.

"आज क्रिस्टल और मुझे क्लास में बात करने के लिए सजा मिली," मैंने स्कूल के बाद अपनी माँ को बताया.

"तुम्हें और क्रिस्टल को कक्षा में बात नहीं करनी चाहिए."

"क्रिस्टल और मैं बस मज़ा कर रहे थे," मैंने अपनी माँ से कहा.

क्रिस्टल ने अपनी कलाई पर रबर बैंड पहना था.

उसने उसे देखा और कहा, "अब खाने की छुट्टी का समय है."

फिर टीचर ने क्रिस्टल और मेरी ओर देखा.

"हां, यह खाने की छुट्टी का समय है," टीचर ने कहा.

क्रिस्टल और मैं खेल के मैदान में गेंद से खेले.

"तुम गेंद फेंको," क्रिस्टल ने कहा "फिर मैं उसे पकड़ूँगी."

"आज क्रिस्टल और मैंने खाने की छुट्टी में गेंद खेली," स्कूल के बाद मैंने अपनी माँ से कहा.

"वो तो बहुत अच्छा है."

"मुझे क्रिस्टल पसंद है," मैंने अपनी माँ से कहा.

मैं और क्रिस्टल एक परीक्षा दे रहे थे.

क्रिस्टल मुझे देखकर फुसफुसाई,

"मुझे अपना पेपर मत देखने दो. नहीं तो वो चीटिंग होगी."

मैंने क्रिस्टल की ओर अपना चेहरा बनाया, और उसने मेरी ओर देखकर अपना चेहरा बनाया.

टीचर ने हमारी ओर सिर हिलाया और कहा, "आह-आह-आह!"

क्रिस्टल ने अपने कागज़ को दूरबीन की तरह गोल-गोल घुमाया.

फिर उसने उसे अपनी आंख के पास रखा और उसमें से खिड़की के बाहर सूरज की ओर देखा.

"यह दोपहर के भोजन की छुट्टी का समय है," क्रिस्टल ने कहा.

टीचर ने हमारी ओर देखा.

फिर टीचर ने अपनी घड़ी की ओर देखा और कहा,
"दोपहर के भोजन का समय हो गया है."

"क्रिस्टल और मुझे आज प्रिंसिपल के ऑफिस में बुलाया गया," मैंने स्कूल के बाद अपनी माँ को बताया.

"तुम्हें और क्रिस्टल को इतनी परेशानी में नहीं पड़ना चाहिए."

"क्रिस्टल और मैं दोस्त हैं," मैंने अपनी माँ से कहा.

क्रिस्टल और मैं खेल के मैदान पर बैठे और हमने अपने-अपने टिफन खोले.

क्रिस्टल का दोपहर का भोजन बोलोग्ना है और मेरा मूंगफली का मक्खन और जेली है.

"मैं तुम्हारे साथ कुछ खाना अदल-बदल कर सकती हूँ," क्रिस्टल ने कहा.

"क्रिस्टल और मैंने आज अपना दोपहर का भोजन साझा किया,"

मैंने स्कूल के बाद अपनी माँ को बताया.

"वो बड़ी अच्छी बात है."

"क्रिस्टल और मैं हमेशा दोस्त रहेंगे,"
मैंने अपनी माँ से कहा.

"शश!" क्रिस्टल मुझ पर सांप की तरह फुंफकारी.

"शश!" मैंने उससे. "हम क्लास में बात नहीं कर सकते हैं."

क्रिस्टल ने कहा, ''सांप बात नहीं करते हैं.''

फिर क्रिस्टल खिलखिलाई और मैं भी उसके साथ खिलखिलाई.

टीचर ने हमें देखकर चुप रहने एक इशारा किया!

"अब टीचर, क्रिस्टल और मुझको एक साथ बैठने नहीं देंगे," मैंने स्कूल के बाद अपनी माँ से कहा.

"यह तो बहुत बुरी बात है."

"लेकिन क्रिस्टल और मैं अभी भी दोस्त हैं," मैंने अपनी माँ से कहा.

गर्मी का मौसम है और आज स्कूल का आखिरी दिन है.

मैंने क्रिस्टल को क्लास में देखा.

उसकी पिगटेल पर दो नए हेयर रिबन लगे हुए थे.

एक लाल और दूसरा हरा था.

क्रिस्टल मुझे देखकर मुस्कुराई और उसने मुझ से कहा, "क्रिसमस की बधाई!"

फिर टीचर ने हमारी ओर देखा और कहा,

"क्लास ख़त्म."

मां ने मेरी स्क्रैप बुक के लिए क्रिस्टल और मेरी तस्वीर खींची.

तभी क्रिस्टल की माँ उसे घर ले जाने के लिए आईं.

"काश क्रिस्टल हमारे बगल में रहती होती," मैंने अपनी माँ से कहा.

"जब पतझड़ में स्कूल शुरू होगा तो तुम क्रिस्टल से दुबारा फिर से मिलोगी."

कार की खिड़की में क्रिस्टल का चेहरा छोटा और छोटा होता जा रहा था.

"भूलने की बीमारी मत पकड़ना और मुझे मत भूलना!" क्रिस्टल चिल्लाई.

काश कल स्कूल होता!

अंत